University in News on 25 July 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 2

लविवि में तीन कोर्सों के लिए सीट आवंटन जारी

बीएलएड, बीजेएमसी व बीएससी में 26 तक फीस जमा करने का मौका

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के क्रम में बुधवार को तीन पाठ्यक्रमों के लिए पहला सीट आवंटन जारी कर दिया। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट के एडमिशन पेज में जाकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड के माध्यम से सीट आवंटन देख सकते हैं। समस्या आने पर प्रवेश समन्वयक कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने पत्र जारी करते हुए बताया कि बीएलएड, बीजेएमसी और बीएससी एग्रीकल्चर के अभ्यर्थियों को सीटों के सापेक्ष पहला सीट आवंटन जारी कर दिया गया है। यह आवंटन अभ्यर्थियों को उनकी चॉइस के हिसाब से किया गया है। जिन अभ्यर्थियों को उनकी पसंद के मुताबिक सीट आवंटन हो चुका है, वे अपना सीट कन्फर्मेशन शुल्क विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जमा कर दें जो 26 जुलाई तक होगा।

मुख्य विषय में ही करनी होगी चौथे वर्ष की पढ़ाई

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय शैक्षणिक सत्र 2024-25 में स्नातक चौथे वर्ष में दाखिला करने वाला राज्य का पहला विश्वविद्यालय बन गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी) के तहत स्नातक चौथे वर्ष में दाखिला लेने वाले विद्यार्थी अपने मुख्य विषय में चौथे वर्ष की पढ़ाई पूरी कर पाएंगे। उन्हें नए सिरे से विषय चुनने या बदलने का अवसर नहीं मिलेगा। लविवि ने सत्र 2020-21 में एनईपी लागू की थी। चार वर्षीय स्नातक करने वाले विद्यार्थी को पांचवें सेमेस्टर में ही दो मुख्य विषयों में एक मेजर मुख्य विषय को चुनना होगा। इसी विषय में वह सातवें सेमेस्टर की पढ़ाई करेगा और लघु शोध जमा करेगा। स्नातक पाठ्यक्रम चार वर्ष के रूप में डिजाइन किया गया है। लेटरल एंट्री और एग्जिट की सुविधा प्रदान की गई है। चार वर्षीय स्नातक करने वाले विद्यार्थी के लिए परास्नातक करने की बाध्यता नहीं होगी। वह चाहे तो सीधे पीएचडी की पढ़ाई कर सकेगा। चार वर्षीय स्नातक के लिए मुख्य शर्त है कि अभ्यर्थी को तीन वर्षों में 7.5 सीजीपीए अंक हासिल करने होंगे। वहीं 7.5 सीजीपीए अंक लाने वाले कॉलेजों के विद्यार्थियों को भी विवि से पढ़ाई का अवसर मिलेगा। (संवाद)

अभ्यर्थी को तीसरे वर्ष में ही चुनना होगा विषय, चौथे वर्ष में नहीं मिलेगा मौका

परास्नातक के तीन विषयों में सीधे प्रवेश

लखनऊ। लविवि के शैक्षणिक सत्र 2024-25 में पीजी कोर्सों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विश्वविद्यालय 26 जुलाई को पीजी एनवायरमेंटल साइंस और पीजी लिंग्विस्टिक में दाखिला लेगा। पीजी ज्योतिर्विज्ञान में 27 जुलाई को दाखिला लेगा। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इन पाठ्यक्रमों में आवेदन करने वाले अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र में सभी शैक्षिक प्रपत्रों के साथ निर्धारित तिथि पर संबंधित विभाग में काउंसिलिंग करवा लें जिससे उनके फीस जमा करने की प्रक्रिया को शुरू किया जा सके। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 6

लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परीक्षा का पूरा कार्यक्रम जारी हुआ

एलयू में पीजी प्रवेश परीक्षा आज से

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में परास्नातक (पीजी) की प्रवेश परीक्षा गुरुवार से शुरू हो रही है। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रवेश परीक्षा का पूरा कार्यक्रम देखा जा सकता है।

एलयू के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि 25 से 31 जुलाई तक परास्नातक स्तर की प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं। प्रो. श्रीवास्तव का कहना है कि दो पालियों में प्रवेश परीक्षा होनी है। प्रथम पाली सुबह 10:30 से 12 बजे और द्वितीय पाली दोपहर तीन से शाम 4:30 बजे तक होगी। उन्होंने बताया कि यदि किसी अभ्यर्थी ने एक से अधिक पाठ्यक्रम में आवेदन कर रखा है तो इसकी सूचना वह 21 जुलाई तक एलयू एडमिशन की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर दे सकते हैं।

तिथियां अभी तय नहीं : प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक आचार्य, अरब कल्चर, अरेबिक, बिजनेस इकोनॉमिक्स, कंपोजिट हिस्ट्री, डिफेंस स्टडीज, फ्रेंच, सीसीजेए, ज्योतिर्विज्ञान लिंग्विस्टिक्स, पर्सियन, संस्कृत, उर्दू, वेस्टर्न हिस्ट्री, महिला अध्ययन, पब्लिक पॉलिसी एंड गवर्नेंस, पॉप्युलेशन स्टडीज, पब्लिक हेल्थ इन न्यूट्रिशियन साइंसेज, एनवायरमेंटल साइंस, एमएलआईएससी, रिन्यूबल एनर्जी और योग पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा की तारीख जल्द तय होगी।

चार पाठ्यक्रमों की उत्तर कुंजी जारी एलयू में स्नातक प्रवेश परीक्षा 2024-25 के तहत बीएलएड, बीजेएमसी, बीवीए या बीएफए और बीएससी कृषि कार्यक्रम की उत्तर कुंजी जारी कर दी गई हैं।

अभ्यर्थी एलयू की आधिकारिक वेबसाइट के एडमिशन पेज के यूजी प्रोग्राम पर जाकर मिलान कर सकते हैं एवं विषय से संबंधित अधिक जानकारी ले सकते हैं।

23 पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा की तारीख जल्द होगी जारी

- प्रथम पाली सुबह 10:30 से 12, द्वितीय पाली दोपहर तीन से शाम 4:30 तक

पीजी पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा का विवरण

तिथि	पाठ्यक्रम
25 जुलाई	मानवशास्त्र, गृह विज्ञान, कंप्यूटर साइंस, बायोटेक्नोलॉजी, बीपीएड, पब्लिक हेल्थ कम्युनिटी मेडिसिन, एआईएच एंड आर्कियोलॉजी, एलाइड जियोलॉजी, बैचलर इन लाइब्रेरी साइंसेज, शिक्षाशास्त्र, बायोकेमिस्ट्री, पब्लिक हेल्थ।
26 जुलाई	अंग्रेजी, माइक्रोबायोलॉजी, गणित, फॉरेंसिक साइंस, एमपीएड, राजनीतिशास्त्र।
27 जुलाई	वनस्पति विज्ञान, अर्थशास्त्र, रसायन विज्ञान, सांख्यिकी, एमआईएच।
28 जुलाई	एलएलबी, एमबीए, एमटीटीएम।
29 जुलाई	भूगोल, एलएलएम, अस्पताल प्रशासन, समाजशास्त्र, प्राणिशास्त्र।
30 जुलाई	हिन्दी, लोक प्रशासन, भौतिक विज्ञान, भू-गर्भ विज्ञान, फूड प्रोसेसिंग एंड फूड टेक्नोलॉजी, मनोविज्ञान।
31 जुलाई	एमएड, एमवीए या एमएफए, एप्लाइड इकोनॉमिक्स, पत्रकारिता एवं जनसंचार, समाज कार्य, वाणिज्य।

कला, संस्कृति के कानूनी पहलू को बताया

एलयू विधि संकाय ने कला और संस्कृति के कानूनी पहलू: राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण विषय पर विशेष व्याख्यान जिंदल ग्लोबल लॉ स्कूल के एसोसिएट प्रो. अमलेश प्रसाद ने दिया। प्रो. अमलेश ने बौद्धिक संपदा अधिकार, सांस्कृतिक धरोहर की सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय संधियों व समझौतों के प्रभाव समेत विभिन्न कानूनी मुद्दों पर प्रकाश डाला। प्रतिभागियों ने इस सत्र को बेहद ज्ञानवर्धक और उपयोगी बताया। कार्यक्रम में संकाय प्रमुख और डीन प्रो. बीडी सिंह, अतिरिक्त डीन छात्र कल्याण अभिषेक कुमार तिवारी आदि रहे।

यूजी सीट आवंटन जारी

एलयू की यूजी सत्र 2024-25 के तहत ऑनलाइन काउंसिलिंग में सीटों के सापेक्ष पहले आवंटन का परिणाम बुधवार को जारी कर दिया है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि कन्फरमेशन फीस 26 जुलाई रात 12 बजे तक जमा करनी होगी।

महिला अफसरों का सहारा परिवार, पुरुषों के लिए मित्र

शोध

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय, मनोविज्ञान विभाग के एक शोध में दावा किया गया है कि महिला राजस्व अधिकारियों ने परिवार को बड़ा सहारा बताया जबकि पुरुष अधिकारियों ने मित्रों को मददगार कहा। राजस्व अफसरों में आत्मस्वीकृति एवं कार्य के प्रति अधिक लगन देखी गई।

मनोविज्ञान विभाग में राजस्व कर्मियों के मानसिक स्वस्थ्य पर शोध किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना शुक्ला के निर्देशन में शोध छात्रा जीएसटी अधिकारी गरिमा सिंह ने 'राजस्व कर्मियों के बीच पनप रहे समृद्धि के मनोसामाजिक सहसंबंध' विषय पर शोध पूरा किया। यह शोध सरकारी सेवाओं में कर्मचारियों के मानसिक स्वस्थ्य उत्थान और समृद्धि में योगदान देने वाले कारकों और राजस्व कर्मियों के व्यापक कल्याण के अन्य पहलुओं को समझने पर केंद्रित है। शोध में क्लास 2 श्रेणी के कुल 150 राजस्व अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

समृद्धि से आशय है, सुखी और सार्थक जीवन जीना। शोध में यह पाया गया कि दोनों महिला अवं पुरुष अधिकारियों द्वारा समृद्धि की अनुभूति की गयी। अध्ययन में महिला राजस्व अधिकारियों ने समृद्धि की व्याख्या खुशी और संतुष्टि के संदर्भ में की है जबकि पुरुष कर्मियों ने इसे सफलता और क्षमता के संदर्भ में बताया है। महिला अधिकारियों द्वारा परिवार को अपना सबसे बड़ा सहारा बताया गया जबकि पुरुष अधिकारियों ने मित्रों को मददगार कहा। राजस्व अफसरों में आत्मस्वीकृति एवं कार्य के प्रति अधिक लगन देखी गई।

- एलयू मनोविज्ञान विभाग ने राजस्व अधिकारियों की मनोदशा पर किया शोध

शोध मानसिक स्वास्थ्य को समझने में मददगार

डॉ. अर्चना सिंह ने बताया कि यह शोध राजस्व कर्मियों के सकरात्मक मानसिक स्वास्थ्य को समझने में मदद करता हैं। भविष्य में इसे और कैसे अच्छा करने के प्रयासों में मदद मिलेगी। शोध के जरिए वैयक्तिक और सामाजिक उत्कर्ष एवं समग्र विकास के विषय में गहन जानकारी की कोशिश की है। जानकारी के अनुसार बता दें कि इस शोध में क्लास 2 श्रेणी के कुल 150 राजस्व अधिकारियों को शामिल किया गया। सभी से विषय पर बातचीत के आधार पर निष्कर्ष निकाला गया।

खुशी और संतुष्टि के संदर्भ में की है जबकि पुरुष कर्मियों ने इसे सफलता और क्षमता के संदर्भ में बताया है।

i-NEXT PAGE 2

एलयू में पीजी एंट्रेंस एग्जाम आज से शुरू

मिशन एडमिशन

LUCKNOW (24 July) : एलयू के परास्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए, प्रवेश परीक्षाएं गुरुवार से होंगी। परीक्षा का समय सुबह (10.30 से 12) और दोपहर (तीन बजे से 4.30) बजे तक रहेगा। परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड के साथ गेट नंबर एक, दो, तीन, चार व सात से परिसर में प्रवेश दिया जाएगा। अभ्यर्थी गेट नंबर एक, तीन व सात पर बने स्टैंड पर वाहन खड़ा कर सकते हैं। परीक्षा में मोबाइल, बैग व पाठ्य सामग्री लाना प्रतिबंधित है। 42 विषयों की प्रवेश परीक्षा 31 जुलाई तक होंगी। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि क्षैतिज आरक्षण का दावा करने वाले अभ्यर्थियों को अपने मूल प्रमाण पत्र जांच के लिए लेकर आना होगा।

42 विषयों की प्रवेश परीक्षा 31 जुलाई तक होंगी

पहले दिन इन सब्जेक्ट के एग्जाम

- सुबह 10.30 से दोपहर 12 बजे तक : एंथ्रोपोलाजी, बायोटेक्नालाजी, होमसाइंस, कंप्यूटर साइंस, बी.पी.एड. (कम्युनिटी मेडिसिन)।
- दोपहर तीन से 4.30 बजे तक : एआइएच एंड आर्कियोलाजी, अप्लाइड जियोलाजी, बी.लिब.आइएससी, एजुकेशन, बायोकेमिस्ट्री, पब्लिक हेल्थ।

बीकॉम में एंट्रेंस के लिए, दो दिन बढ़े

अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कालेज में बी.काम प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए, पहली व दूसरी मेरिट सूची के छूटे हुए अभ्यर्थियों को दाखिले के लिए दो दिन का समय मिल गया है। प्राचार्य डा. सुभाष चंद्र पांडेय ने बताया कि मेरिट वाले अभ्यर्थी 25 और 26 जुलाई को अपने समस्त मूल शैक्षिक प्रमाण-पत्रों, टीसी, चरित्र प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र और फीस सहित कालेज में उपस्थित होकर प्रवेश सुनिश्चित कर लें। काउंसिलिंग का समय सुबह 9:30 बजे से दोपहर एक बजे तक रहेगा। बी.ए प्रथम वर्ष में 31 जुलाई तक प्रवेश दिया जाएगा।

आईटी कालेज में ओरिएंटेशन 31 से

आईटी कालेज में स्नातक व परास्नातक में नए प्रवेशित छात्राओं का ओरिएंटेशन प्रोग्राम 31 जुलाई और एक अगस्त को होगा। प्राचार्य प्रो. पैंजी सिंह ने इसकी सूचना जारी की है। कार्यक्रम का समय सुबह आठ बजे से 1.30 बजे तक रहेगा। छात्राओं को सुबह 7.45 पर रिपोर्ट करना होगा।

29 की परीक्षा अब 30 जुलाई को होगी

डा. सकुलानन्दिन राष्ट्रीय दुर्गास विश्वविद्यालय ने 29 जुलाई को होने वाली बी.एड सेमेस्टर की परीक्षा को 30 जुलाई को कर दिया है। परीक्षा 30 जुलाई को सेमेस्टर की परीक्षा होने वाली है। परीक्षा 30 जुलाई को सेमेस्टर (दो से सात पत्र) को होगी, परीक्षा नियमित डा. अमित कुमार सिंह ने प्रवक्ता राष्ट्रीय दुर्गास विश्वविद्यालय जारी किया है।

बीबीए सहित पांच कोर्सों का सीट आवंटन जारी

एलयू ने कुलपति डॉ.बी.ए. बी.बी.ए.(ट्यूरिजम), बी.एल.एड. बी.ए.(जे.एल.पी) और बी.एससी एग्रीकल्चर की पहली सीट आवंटन जारी की, अभ्यर्थी अपने लॉग इन से देखकर अनलाइन सीट कन्फर्मेशन फीस 26 जुलाई को जमा कर सकते हैं, सीट आवंटन अभ्यर्थियों की वरीयता के आधार पर किया गया है, जो बी.ए.(एलपी), बी.बी.ए/ बी.एम.ए, बी.एससी कंप्यूटर साइंस और एम.एल.बी इंटीग्रेटेड कोर्स में मुल्यांकन तक लाइन मिलेगा या समय बढ़ाया गया है।

29 जुलाई को होगी पीजी की प्रवेश परीक्षा

एलयू के पीजी कोर्सों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विश्वविद्यालय 26 जुलाई को पीजी एनवायरमेंटल साइंस और पीजी लिंग्विस्टिक में दाखिला लेगा। पीजी ज्योतिर्विज्ञान में 27 जुलाई को दाखिला लेगा। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इन पाठ्यक्रमों में आवेदन करने वाले अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र में सभी शैक्षिक प्रपत्रों के साथ निर्धारित तिथि पर संबंधित विभाग में काउंसिलिंग करवा लें जिससे उनके फीस जमा करने की प्रक्रिया को शुरू किया जा सके। (संवाद)

JAGRAN CITY PAGE III

लवि में परास्नातक प्रवेश परीक्षाएं आज से

परीक्षा में मोबाइल और बैग लाना प्रतिबंधित

जासं • लखनऊ : लवि के परास्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए, प्रवेश परीक्षाएं गुरुवार से होंगी। परीक्षा का समय सुबह (10.30 से 12) और दोपहर (तीन बजे से 4.30) बजे तक रहेगा। परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड के साथ गेट नंबर एक, दो, तीन, चार व सात से परिसर में प्रवेश दिया जाएगा। अभ्यर्थी गेट नंबर एक, तीन व सात पर बने स्टैंड पर वाहन खड़ा कर सकते हैं। परीक्षा में मोबाइल, बैग व पाठ्य सामग्री लाना प्रतिबंधित है।

42 विषयों की प्रवेश परीक्षा 31 जुलाई तक होंगी। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि क्षैतिज आरक्षण का दावा करने वाले अभ्यर्थियों को अपने मूल प्रमाण पत्र जांच के लिए लेकर आना होगा।

बीकाम में प्रवेश के लिए, दो दिन बढ़े : अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कालेज में बी.काम प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए, पहली व दूसरी मेरिट सूची के छूटे हुए। अभ्यर्थियों को दाखिले के लिए दो दिन का समय मिल गया है। प्राचार्य डा. सुभाष चंद्र पांडेय ने बताया कि मेरिट वाले अभ्यर्थी 25 और 26 जुलाई को अपने समस्त मूल शैक्षिक प्रमाण-पत्रों, टीसी, चरित्र प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र और फीस सहित कालेज में उपस्थित होकर प्रवेश सुनिश्चित कर लें। काउंसिलिंग का समय सुबह 9:30 बजे से दोपहर एक बजे तक रहेगा। बी.ए प्रथम वर्ष में 31 जुलाई तक प्रवेश दिया जाएगा।

पहले दिन इन विषयों की परीक्षा

सुबह 10.30 से दोपहर 12 बजे तक : एंथ्रोपोलाजी, बायोटेक्नालाजी, होमसाइंस, कंप्यूटर साइंस, बी.पी.एड, पब्लिक हेल्थ (कम्युनिटी मेडिसिन)।

दोपहर तीन से 4.30 बजे तक : एआइएच एंड आर्कियोलाजी, अप्लाइड जियोलाजी, बी.लिब.,आइएससी, एजुकेशन, बायोकेमिस्ट्री, पब्लिक हेल्थ।

ओरिएंटेशन 31 से

जासं • लखनऊ : आइटी कालेज में स्नातक व परास्नातक में नए प्रवेशित छात्राओं का ओरिएंटेशन प्रोग्राम 31 जुलाई और एक अगस्त को होगा। प्राचार्य प्रो. पैंजी सिंह ने इसकी सूचना जारी की है। कार्यक्रम का समय सुबह आठ बजे से 1.30 बजे तक रहेगा। छात्राओं को सुबह 7 .45 पर रिपोर्ट करना होगा।

महिलाओं ने परिवार, तो पुरुषों ने मित्र को महत्वपूर्ण माना

जागरण संवाददाता • लखनऊ : महिला और पुरुष दोनों समृद्धि की अनुभूति अलग- अलग तरीके से करते हैं। महिला अधिकारी धन से खुशी और संतोष महसूस करती हैं, जबकि पुरुष इसे सफलता और क्षमता के तौर पर देखते हैं। यही नहीं, महिलाएं अपने परिवार को अपना सबसे बड़ा सहारा मानती हैं, जबकि पुरुष अपने मित्रों को महत्वपूर्ण मानते हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की ओर से हाल ही में राजस्व कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य पर हुए एक शोध में दोनों के दृष्टिकोण में भिन्नता देखी गई है।

'राजस्व कर्मियों के बीच पनप रहे समृद्धि के मनो सामाजिक सह संबंध', विषय पर यह शोध

लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग ने राजस्व कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य पर किया शोध

मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डा. अर्चना शुक्ला के मार्गदर्शन में शोध छात्रा गरिमा सिंह ने किया। इस शोध का उद्देश्य सरकारी सेवाओं में कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य उत्थान और समृद्धि में योगदान देने वाले कारकों को समझना था। इसमें कुल 150 क्लास टू श्रेणी के राजस्व अधिकारियों ने भाग लिया। यह शोध उनके सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य को समझने में सहायक सिद्ध होगी। शोधार्थी गरिमा सिंह वाणिज्य कर विभाग में राज्य कर अधिकारी हैं।

PIONEER PAGE 3

एलयू में राजस्व कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य पर शोध

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय, मनोविज्ञान विभाग मे राजस्व कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य पर शोध किया गया। शोध का विषय था राजस्व कर्मियों के बीच पनप रहे समृद्धि के मनोसामाजिक सहसंबंध। जिसे मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना शुक्ला की मार्गदर्शन में शोध छात्रा, गरिमा सिंह द्वारा पूर्ण किया गया। यह शोध सरकारी सेवाओं में कर्मचारियों के मानसिक स्वस्थ्य उत्थान और समृद्धि में योगदान देने वाले कारकों और राजस्व कर्मियों के व्यापक कल्याण के अन्य पहलुओं को समझने पर केंद्रित है। शोध में क्लास 2 श्रेणी के कुल 150 राजस्व अधिकारियो द्वारा प्रतिभाग किया गया। समृद्धि से आशय है, सुखी और सार्थक जीवन जीना। शोध में यह पाया गया की दोनों महिला एवं पुरुष अधिकारियों द्वारा समृद्धि की अनुभूति की गयी। अध्ययन में महिला राजस्व कर्मियों ने समृद्धि की व्याख्या खुशी और संतुष्टि के संदर्भ में की है। जबकि पुरुष कर्मियों ने इसे सफलता और क्षमता के संदर्भ में बताया है। महिला अधिकारियो द्वारा परिवार को अपना सबसे बड़ा सहारा बताया गया। जबकि पुरुष अधिकारियो ने अपने मित्रो को बड़ा सहारा बताया। राजस्व कर्मियो में आत्मस्वीकृति एवं कार्य के प्रति लगन भी अधिक देखी गयी।

राजस्व कर्मियों का देश की प्रगति में एक महत्वपूर्ण भूमिका हैं। यह शोध राजस्व कर्मियों के सकरात्मक मानसिक स्वस्थ्य को समझने में मदद करती हैं एवं भविष्य में इससे और अच्छा कैसे किया जाय ये जानने में मदद करती हैं। शोध द्वारा वैयक्तिक और सामाजिक उत्कर्ष, एवं समग्र विकास के विषय में गहन जानकारी मिलती हैं। शोधार्थी गरिमा सिंह वर्तमान में उत्तर प्रदेश के वाणिज्य कर विभाग में राज्य कर अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं।

AMRIT VICHAR PAGE 5

ज्योतिर्विज्ञान के 7वें सेमेस्टर में पढ़ें वास्तु शास्त्र

ज्योतिर्विज्ञान विभाग में नए सत्र में शुरू होगा सेमेस्टर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय का ज्योतिर्विज्ञान विभाग स्नातक में अपना सातवां सेमेस्टर शुरू करने जा रहा है। छात्र अपने अध्ययन में भारतीय वास्तु शास्त्र के अलावा अन्य विषयों की भी पढ़ाई कर सकेंगे। विभाग समन्वयक का कहना है कि विश्वविद्यालय के छात्रों को अपनी अध्ययन के दौरान विकल्प चुनने की सुविधा भी दी गई है।

ज्योतिर्विज्ञान विभाग समन्वयक डॉ. सत्यकेतु ने बताया कि अभी तक बीए में केवल छह सेमेस्टर थे, नए सत्र में एक और सेमेस्टर जोड़ा गया है। नेप आधारित मानकों को ध्यान में रखकर इस कोर्स में भारतीय वास्तु शास्त्र के अलावा गोचर विचार तथा ग्रहोपचार, जातकालंकार, लघुजातक, कुण्डली विज्ञान एवं अनुप्रयोग विषयों को पढ़ाया जाएगा। अध्ययन को लेकर सातवां सेमेस्टर विषयवार तीन चरणों में बांटा गया है। डॉ. वर्षा दीपक के निर्देशन में भारतीय वास्तु शास्त्र का अध्ययन कराया जाएगा। गोचर विचार तथा ग्रहोपचार डॉ. विष्णुकांत शुक्ला, जातकालंकार और लघुजातक डॉ. अनुज कुमार शुक्ला और कुण्डली विज्ञान एवं अनुप्रयोग डॉ. अनिल कुमार पोरवाल पढ़ाएंगे। एमए के छात्रों को इंटर डिपार्टमेंटल तृतीय सेमेस्टर में विकल्प के रूप में चुनने की सुविधा भी दी गई है।

रिटायर्ड कर्नल, इंजीनियर और सेवानिवृत्त अधिकारी सीख रहे ज्योतिष की बारीकियां : लविवि के ज्योतिर्विज्ञान में दाखिला लेने वाले छात्रों की सूची में रिटायर्ड कर्नल एच एन कौशल, रिटायर्ड पीसीएस अधिकारी डॉ. प्रतिभा त्रिपाठी, बीएसएनएल के सेवानिवृत्त डीजीएम केडी त्रिपाठी सहित कई अन्य शामिल हैं। केडी त्रिपाठी का कहना है कि ज्योतिष हमारी संस्कृति और सभ्यता से जुड़ा हुआ है। इसे सभी को समझना और सीखना चाहिए।

नए कोर्स के लिए सीटों का हुआ आवंटन : नए कोर्स के लिए सीटें आवंटित कर दी गई हैं। पहले सत्र में अभी तक 50 सीटें आवंटित हैं। छात्रों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सीटों को बढ़ाने के लिए भी विचार किया जा रहा है। कोर्स छह माह का है।

भारतीय वेदशाला में होगी प्रयोगात्मक कार्यशाला : डॉ. अनुज शुक्ला ने बताया कि छात्रों को भारतीय वेदशाला में शंकु यंत्र, यामयोत्तर तुरी यंत्र, सम्राट यंत्र, सप्तऋषि यंत्र की मदद से आकाशीय अक्षांश, दिशा और अक्षांश, क्रांति आदि का अध्ययन कराया जाएगा।

नए कोर्स में भावों का हुआ विस्तार : डॉ. सत्यकेतु ने बताया कि कुण्डली के 12 भावों से भिन्न -भिन्न कार्यों का विचार किया जाता है। नैप आधारित कोर्स के माध्यम से इस बार भाव मंजरी विषय को थोड़ा विस्तार दिया गया है। ताकि भावों के विषय में पढ़ने वाले छात्रों को स्पष्टता आए। इसका विचार फलादेश को बताता है।

लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्ययन के दौरान उपस्थित छात्र। अमृत विचार

- विश्वविद्यालय के छात्रों को अतिरिक्त विषय के रूप में चुनने का दिया गया मौका

मेरिट के आधार पर सीटों का आवंटन

लखनऊ विश्वविद्यालय ने मेरिट के आधार पर सीटों का आवंटन किया है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि अभ्यर्थी लखनऊ की वेबसाइट पर जाकर अपने लॉग में दिये गए लॉगिन आईडी पासवर्ड द्वारा सीट आवंटन का विवरण देख सकते हैं।

तीन पाठ्यक्रमों में काउंसिलिंग 27 को

लखनऊ विश्वविद्यालय ज्योतिर्विज्ञान सहित तीन विषयों में काउंसिलिंग आरंभ कराने जा रहा है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि ज्योतिर्विज्ञान में काउंसिलिंग 27 को होगी। इनवायरमेंट साइंस और लिंगिस्टिक्स में 26 जुलाई को आवेदनकर्ता अपने मूल प्रमाण पत्रों को लेकर उपस्थित होंगे। शिभागीय प्रक्रिया पूरी होने के बाद छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन शुल्क भी जमा करना होगा।

राजस्व कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य पर शोध

अमृत विचार , लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग ने राजस्व कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य पर शोध किया है। शोध राजस्व कर्मियों के बीच पनप रहे समृद्धि के मनो सामाजिक सहसंबंध पर आधारित है।

मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना शुक्ला ने बताया कि शोध छात्रा गरिमा सिंह द्वारा किया गया, जो वाणिज्य कर विभाग में राज्य कर अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। यह शोध सरकारी सेवाओं में कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य, उत्थान और समृद्धि में योगदान देने वाले कारकों और राजस्व कर्मियों के अन्य पहलुओं को समझने पर केंद्रित है। शोध में द्वितीय श्रेणी के कुल 150 राजस्व अधिकारियों द्वारा शामिल करते हुए तैयार किया गया है।

महिला और पुरुष अधिकारियों ने समृद्धि को दिए रूप : शोध में महिला एवं पुरुष अधिकारियों में समृद्धि की अनुभूति को साझा किया गया। महिला राजस्व कर्मियों ने समृद्धि की व्याख्या खुशी और संतुष्टि के संदर्भ में की है। वहीं पुरुष कर्मियों ने इसे सफलता और क्षमता स्वरूप दिया। महिला अधिकारियों ने परिवार को अपना सहारा बताया। पुरुष अधिकारियों ने मित्रों को विस्तृत स्वरूप दिया।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

राजस्व कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य पर किया शोध

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में राजस्व कर्मियों के मानसिक स्वस्थ्य पर शोध किया गया। राजस्व कर्मियों के बीच पनप रहे समृद्धि के मनोसामाजिक सहसंबंध विषय पर शोध मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.अर्चना शुक्ला की मार्गदर्शन में शोध छात्रा गरिमा सिंह ने पूरा किया। यह शोध सरकारी सेवाओं में कर्मचारियों के मानसिक स्वस्थ्य उत्थान और समृद्धि में योगदान देने वाले कारकों और राजस्व कर्मियों के व्यापक कल्याण के अन्य पहलुओं को समझने पर केंद्रित है। शोध में क्लास 2 श्रेणी के कुल 150 राजस्व अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। समृद्धि से आशय है, सुखी और सार्थक जीवन जीना। शोध में यह पाया गया की दोनों महिला एवं पुरुष अधिकारियों द्वारा समृद्धि की अनुभूति की गयी। अध्ययन में महिला राजस्व कर्मियों ने समृद्धि की व्याख्या खुशी और संतुष्टि के संदर्भ में की है। जबकि पुरुष कर्मियों ने इसे सफलता और क्षमता के संदर्भ में बताया है। महिला अधिकारियों द्वारा परिवार को अपना सबसे बड़ा सहारा बताया गया,जबकि पुरुष अधिकारियों ने अपने मित्रों को बड़ा सहारा बताया। राजस्व कर्मियो में आत्मस्वीकृति एवं कार्य के प्रति लगन भी अधिक देखी गयी। राजस्व कर्मियों का देश की प्रगति में एक महत्वपूर्ण भूमिका हैं। यह शोध राजस्व कर्मियों के सकरात्मक मानसिक स्वस्थ्य को समझने में मदद करती हैं एवं भविष्य में इससे और अच्छा कैसे किया जाय ये जानने में मदद करती हैं। शोध द्वारा वैयक्तिक और सामाजिक उत्कर्ष एवं समग्र विकास के विषय में गहन जानकारी मिलती हैं। शोधार्थी गरिमा सिंह वर्तमान में उत्तर प्रदेश के वाणिज्य कर विभाग में राज्य कर अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं।

डॉ. अमरजीत को आयुष विभाग ने दिया प्रशस्ति पत्र

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के कोऑर्डिनेटर डॉ.अमरजीत यादव को 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के आयोजन में सराहनीय योगदान प्रदान करने के लिए आयुष विभाग, उत्तर प्रदेश शासन ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। यह प्रशस्ति पत्र लीना जौहरी आईएएस प्रमुख सचिव, आयुष विभाग, उत्तर प्रदेश के हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

रोजगार, महिला सशक्तिकरण व कौशल विकास पर चर्चा

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के व्यापार प्रशासन विभाग ने बजट 2024 पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें डॉ.अजय प